53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 25.6°c | अधिकतम 34.8 °c

**अमृतवाणी**

जिंदगी की तकलीफों को अपनों के बीच रख दीजिए.. या तो अपने रहेंगे या फिर तकलीफें

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

हमारे दबाव में मोदी सरकार ने लिया जातिगत जनगणना का फैसला: अखिलेश यादव



केजरीवाल और राहुल गांधी कह रहे हैं हमारी मांग थी......

सूर्योदय - 5:36, सूर्यास्त - 6:56 | वर्ष : 53/ अंक : 120 | शुक्रवार, 02 मई 2025 | वैशाख, शुक्ल पक्ष, पंचमी | सम्वत् 2082 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

# भाजपा सरकार में मुर्दों के नाम पर भी हो रहा भ्रष्टाचार, कहीं नेताओं के दामन तो नहीं हो रहे दागदार

**मुजफ्फरनगर, 1 मई (बु.)** जिसकी सरकार में भ्रष्टाचार के आरोप खुलकर लगते हों, आम जनता के शक के दायरे में उनके सत्ताधारी नेता भी स्वयं आ जाते हैं, क्योंकि जो नेता आए दिन भ्रष्टाचार के आरोपों की बात सुनकर खामोश रहते हैं, वे खुद ही शक के दायरे में आ जाते हैं कि आखिर अपनी ही सरकार में नेताजी भ्रष्टाचार के आरोपों पर कोई कार्यवाही कराने में क्यों असफल हैं? कहीं उनकी खुद की चुप्पी से तो भ्रष्टाचार नहीं बढ़ रहा और अगर सत्ताधारी चुप्पी लगाए भी बैठे हैं तो उसके पीछे की वजह आम आदमी बखूबी जानता है। गुरूवार को अलग-अलग दो घटनाओं में खुलकर सरकार के अधिकारियों पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए गए।

एक महिला द्वारा वन स्टॉप सेंटर पर चीख चीखकर बताया गया कि वन स्टॉप सेंटर पर मैनेजर के रूप में कार्यरत पूजा नरूला ने उससे उसी के घर में रहकर उसे विश्वास में लेकर नौकरी दिलाने के नाम पर 1.5 लाख रुपये लिये हैं। थाना सिविल लाइन क्षेत्र के गंगारामपुरा की रहने वाली महिला दीपा रानी पत्नी अमित पाल गुरूवार को जिला प्रोबेशन कार्यालय पहुंची और वहां हंगामा खड़ा कर दिया। मय सबूतों के पहुंची महिला दीपा ने स्टॉप सेंटर की प्रबंधक पूजा नरूला पर आरोप लगाया और बताया कि पूजा नरूला उसी के घर में रहती है, उसने बताया कि महिला कल्याण विभाग के अन्तर्गत उसके सेंटर पर सपोर्ट पर्सन की नौकरी निकली हुई है, जिसमें पूजा द्वारा विज्ञापन का पत्र भी दिखाया गया। पीड़ित दीपा ने बताया कि पूजा नरूला द्वारा उसे 3 लाख रुपये में नौकरी दिलाने का आश्वासन देते हुए उससे 1.5 लाख रुपये ले लिये गए तथा एक खाली चेक जिसका सिक्योरिटी नम्बर 5379016 पंजाब नेशनल बैंक का नौकरी दिलाने के नाम पर लिया गया। दीपा ने यह भी आरोप लगाया कि जब वह जिला प्रोबेशन कार्यालय गयी और नीता त्यागी से बात कही तो उन्होंने कहा कि तुम सही जगह आई हो, तुम्हारा काम हो जाएगा, मगर बाद में जब पीड़िता दीपा को पता चला कि उसका साक्षात्कार ही नहीं हुआ और आठ लोगों को विभाग में नियुक्ति भी मिल गयी तो उसने पूजा नरूला से अपने पैसे वापस मांगे मगर उसने पैसे देने से आना-कानी करते हुए उसे झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी गयी। गुरूवार को जिला प्रोबेशन कार्यालय पर हुए हंगामे में पूजा नरूला से जब मीडिया ने बातचीत की तो उसने अपनी सफाई देते हुए कहा कि दीपा झूठ बोल रही है मगर दीपा के पास सारे सुबूत थे। अब इस मामले में दीपा ने प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्यवाही की मांग की है।

वहीं दूसरे घटनाक्रम में इससे भी शर्मनाक मामला सामने आया है, जिसमें भाकियू तोमर के कार्यकर्ता पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे और पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद कुर्सी पर बैठे कर्मचारियों को जमकर हड़काते हुए कहा कि बुलाओ उसे जो पोस्टमार्टम करने के नाम पर दस हजार रुपये मांग रहा था। इस पर वहां बैठे सभी लोग हड़बड़ा गए और एक-दूसरे की ओर निहारने लगे। जब कोई ठीक ढंग से जवाब नहीं मिला तो वहीं से भाकियू के जिलाध्यक्ष निखिल चौधरी ने सीएमओ को पूरे मामले की जानकारी फोन पर दी और दोषियों को तुरन्त सस्पेंड करने की मांग रखी। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही दोषियों के खिलाफ कार्यवाही नहीं की गयी तो वे जिला स्तर पर बड़ा आन्दोलन करेंगे। फिलहाल भाकियू तोमर का सोशल मीडिया पर वायरल यह वीडियो चर्चा का विषय बना हुआ है और आम आदमी अपनी भाषा में यही कहता दिखाई पड़ रहा है कि भाजपा के शासन में अधिकारी इतने निरंकुश हो चुके हैं और इस हद तक गिर चुके हैं कि मुर्दों के नाम पर भी बेवजह अवैध वसूली की जा रही है और सत्ताधारी नेता खामोश होकर आए दिन यह तमाशा देखते रहते हैं। इससे भाजपा नेताओं के दामन पर भी दाग लग रहे हैं और आम जनता पूछ रही है कि आखिर आए दिन भ्रष्टाचार के सुबूत मिलने के बाद भी क्यों नेता खामोश बैठकर तमाशा देखते हैं और क्यों बड़ी कार्यवाही न तो जिला चिकित्सालय में हो रहे भ्रष्टाचार पर होती है और न ही अन्य विभागों में।



प्रोबेशन कार्यालय पर उपस्थित होकर वन स्टॉप सेंटर की प्रबंधिका पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाती पीड़िता दीपा



हैलो... सीएमओ साहब अब मुर्दों के पोस्टमार्टम के भी दस हजार रुपये लगने लगे क्या? इन पर तुरन्त करो कार्यवाही



## पुलिस को बंद मिले शाहनवाज राना व उनके समधी परिवार के सभी नम्बर

**मुजफ्फरनगर, 1 मई (बु.)** । तीन दिन पहले पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया था कि शाहनवाज राना के मुजफ्फरनगर जेल में रहते समय उनके मोबाइल द्वारा जिन सात नम्बरों पर बात की गयी थी, पुलिस ने उनकी आइडडी निकलवाकर उन्हें पूछताछ के लिए तलब किया था। पुलिस ने अब इस मामले में जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान में जब इन नम्बरों पर कॉल की गयी तो उक्त सभी नम्बर स्विच ऑफ कर दिये गए हैं। पुलिस का बताना है कि इनमें से दो नम्बर दिल्ली के भी हैं, जिन पर बात की गयी है। पुलिस नम्बर बंद होने के कारण अगली कार्यवाही की तैयारी कर रही है। आपको बता दें कि लम्बे समय से शाहनवाज राना तो चित्रकूट जेल में बंद हैं ही, साथ ही साथ लगभग पन्द्रह दिन पहले उनके समधी मौहम्मद गाजी को भी नई मण्डी थाने में पूछताछ के बाद वहां से जेल भेज दिया था।

## ईओ के फर्जी साइन मामले में मंडलायुक्त से शिकायत

### सभासद सीमा जैन ने प्रकरण को बताया गंभीर, जांच की मांग

**मुजफ्फरनगर, 01 मई (बु.)।** नगरपालिका में सफाई कर्मी को सफाई नायक बनाए जाने के खेल में ईओ के फर्जी हस्ताक्षर मामले के साथ ही कुछ अन्य मामलों में मंडलायुक्त से शिकायत करते हुए वार्ड 33 की सभासद सीमा जैन पत्नी विकल्प जैन ने गुरूवार को मामले को बेहद गंभीर बताते हुए मंडलायुक्त सहारनपुर से जांच की मांग की है। पालिका सफाई कर्मी रमाकांत को कार्यवाहक सफाई नायक बनाने के मामले में हुए खेल से ईओ प्रज्ञा सिंह भी हैरत में हैं। हालांकि आदेश निरस्त करते हुए डैमेज कंट्रोल के प्रयास किए गए, लेकिन इसमें जैसे ईओ के फर्जी हस्ताक्षर का मामला सामने आया है, उसे लेकर सवाल उठने लगे हैं। वार्ड सभासद सीमा जैन ने मंडलायुक्त से की गई शिकायत में कहा कि नगरपालिका परिषद में भ्रष्टाचार और घोटाले आम बात हो गई, इनमें पालिका अफसरों की भूमिका भी सामने आती रही है। नए प्रकरण में सफाई कर्मी को फर्जीवाड़ा करते हुए सफाई नायक के पद पर नियुक्त करते हुए आदेश जारी कर दिया गया था। इसमें पूरी तरह से फर्जी प्रपत्र तैयार कर आदेश जारी किए गए। ईओ ने अपने हस्ताक्षर पत्रावली पर फर्जी होने का दावा करते हुए जांच कराने की बात कही है। सभासद सीमा जैन ने कहा कि प्रकरण बेहद गंभीर है और इस तरह से कोई अधिकारी पल्ला नहीं झाड़ सकता है। सभासद ने कहा कि पूर्व में निर्माण विभाग के कार्यों की स्वीकृति के बाद ठेकेदारों को वर्क ऑर्डर जारी किये और फिर वापस मंगा लिए गए, इसमें वर्क ऑर्डर पर ईओ ने अपने हस्ताक्षर फर्जी बताये हैं। इससे साफ होता है कि ईओ को गुमराह करते हुए भ्रष्टाचार किया जा रहा है। वार्ड सभासद ने मंडलायुक्त से फर्जी हस्ताक्षर वाले प्रकरण में टीम गठित करते हुए निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। महिला सभासद ने फर्जी हस्ताक्षर को लेकर प्रकाशित हुए समाचार की कटिंग भी शिकायत के साथ मंडलायुक्त को उपलब्ध कराते हुए इसमें गंभीरता के साथ कार्यवाही करने की मांग की है, ताकि पालिका में भ्रष्टाचार की संभावनाओं को अंकुश लगाया जा सके।




## नशेड़ी बेटे ने पिता की पीट-पीटकर की हत्या

**जानसठ, 01 मई (बु.)।** शराब के नशे में पुत्र ने पिता के साथ मारपीट कर दी। मारपीट में पिता गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल पिता को स्वजन खतौली प्राइवेट चिकित्सक के यहां लेकर गए, जहां से उसी गंभीर हालत को देखते हुए उसे मेरठ रेफर कर दिया, जहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। क्षेत्र के गांव अहरोड़ा निवासी 70 वर्षीय सुन्दर पाल पुत्र प्रभु पास के गांव मुस्तफाबाद मे पेट्रोल पंप पर साफ-सफाई का काम करता था। बुधवार की देर शाम जब वह काम खत्म करके घर लौटा, तो उसके पुत्र मिन्टु उर्फ धकेल ने शराब पी रखी थी। इसी बात को लेकर पिता-पुत्र में झगड़ा हो गया। देखते ही देखते दोनों में मारपीट हो गई, जिसमें सुन्दर पाल गंभीर रूप से घायल हो गया। स्वजन उसे उपचार के लिए खतौली प्राइवेट चिकित्सक के यहा ले गए, जहां से उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे मेरठ रैफर कर दिया, जहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई, जिसकी सूचना पड़ोसियों ने चंडीगढ़ रह रहे उसके अन्य दो बेटों जानी और ब्रजपाल को दी। बृहस्पतिवार की सुबह उसके दोनों बेटे चंडीगढ़ से अपने गांव अहरोड़ा पहुंचे। जोनी ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली प्रभारी राजीव शर्मा ने बताया कि पिता-पुत्र में मारपीट हुई थी। सुन्दर पाल की हालत बिगड़ने पर उसकी मौत हुई है। सुन्दर पाल के शव को पीएम के लिए भेज दिया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद उचित कार्यवाई की जाएगी।






## प्रसव के दौरान गर्भवती महिला के नवजात बच्चे की पेट में मौत, हंगामा

**मुजफ्फरनगर, 1 मई (बु.) थाना क्षेत्र के बघरा के एक प्राइवेट नर्सिंग होम पर उस समय हंगामा खड़ा हो गया जब सैदपुरा खुर्द निवासी विशाल कश्यप की पत्नी सुषमा के बच्चे की प्रसव पीड़ा के दौरान पेट में ही मौत हो गई। दरअसल विशाल अपनी पत्नी को लेकर प्रसव के समय की जांच कराने के लिए गया हुआ था। आरोप है कि गर्भवती महिला की जांच के बाद पेट में नवजात शिशु की आहार नली को डॉक्टरों ने गले में फंसा बताया और महिला के ऑपरेशन की बात कही। जहां उपचार के दौरान महिला की हालत बिगड़ गयी, जिसे नर्सिंग होम संचालक ने अपने हॉस्पिटल से मुजफ्फरनगर के सुजडू स्थित एक हॉस्पिटल के लिए रैफर कर दिया, जहां जांच के दौरान चिकित्सक ने बताया कि बच्चे की पेट में पहले से ही मौत हो चुकी है। यह बात सुनते ही परिजन वापस बघरा उसी हॉस्पिटल पर पहुंच गए जहां से उन्हें रैफर किया गया था और डॉक्टर पर आरोप लगाते हुए हंगामा प्रदर्शन किया। इसी बीच अपने आपको घिरता देख डॉक्टर व महिला चिकित्सक अस्पताल से फरार हो गये। महिला के पति ने थाना तितावी पर नर्सिंग होम संचालक व महिला चिकित्सक के खिलाफ तहरीर दी है। वहीं सीएचसी प्रभारी अश्वनी कुमार का कहना है कि मामले की जानकारी मिली है, जांच कराकर नर्सिंग होम के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।**

## सफाई कर्मी को बना दिया अब नाला गैंग का सुपरवाइजर

**मुजफ्फरनगर, 01 मई (बु.)।** नगरपालिका में एक सफाई कर्मी को कार्यवाहक सफाई नायक बनाने के लिए फर्जी पत्रावली तैयार करने के साथ ही ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह के फर्जी हस्ताक्षर कराने का प्रकरण अभी चर्चाओं में बना हुआ ही है कि इसी बीच पालिका में एक सफाई कर्मी को नियमों को अनदेखा कर नाला गैंग का सुपरवाइजर बनाने का मामला प्रकाश में आया है। वार्ड 7 सभासद मौ. खालिद ने इस मामले में पूर्व में भी पालिका में शिकायत करते हुए जांच कराने की मांग की थी। मौ. खालिद के अनुसार मौ. गाजावाली निवासी दर्शन कुमार पालिका में नियमित सफाई कर्मी के पद पर कार्यरत था। करीब ढाई माह पूर्व दर्शन उनके वार्ड में कार्य कर रहा था और इसी बीच उसका निधन हो गया। इसके बाद मृतक आश्रित व्यवस्था के अनुसार दर्शन के पुत्र रितिक ने नौकरी के लिए आवेदन किया, पालिका प्रशासन ने रितिक को नौकरी प्रदान कर दी। खालिद का कहना है कि नगर पालिका अधिनियम और शासनादेश के अनुसार रितिक की भर्ती सफाई कर्मी के मूल पद पर हुई है और उनको उनके पिता के स्थान यानि वार्ड 7 में ही तैनात किया जाना था, लेकिन पालिका अधिकारियों ने नियमों के विपरीत रितिक को अनुचित लाभ पहुंचाते हुए प्रमोट कर दिया। वर्तमान में रितिक को नाला गैंग का सुपरवाइजर बना कर सेवा ली जा रही है, जो नियम संगत गलत हैं। उन्होंने कहा कि इसके लिए वो शासन स्तर पर शिकायत करने की तैयारी में हैं। इसमें नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अतुल कुमार से बात करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनका फोन रिसीव नहीं हो पाया।

## मंगल बाजार का ठेका इस वर्ष 1 करोड़ 64 लाख 50 हजार रुपये में छोड़ा

**मुजफ्फरनगर, 1 मई (बु.)।** मेरठ रोड स्थित नुमाइश ग्राउंड में लगने वाले मंगल बाजार का ठेका इस वर्ष 1 करोड़ 64 लाख 50 हजार रुपये में छोड़ा गया है। यह ठेका कलेक्ट्रेट परिसर स्थित चौधरी चरण सिंह सभागार में हुई बोली प्रक्रिया के दौरान दिया गया, जिसकी निगरानी सिटी मजिस्ट्रेट विकास कश्यप के नेतृत्व में गठित कमेटी ने की। पिछले वर्ष मंगल बाजार का ठेका लगभग 1 करोड़ 30 लाख रुपये में छोड़ा गया था। इस बार ठेके की राशि में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है, जिससे ज़िले को लाखों रुपये का अतिरिक्त राजस्व प्राप्त हुआ है। ठेका एमआईक्यू कंपनी को मिला है, जिसके मालिक मोहम्मद सलमान ने बताया कि जीएसटी सहित लगभग 2 करोड़ रुपये शासन को जमा किए जाएंगे। सिटी मजिस्ट्रेट विकास कश्यप ने जानकारी देते हुए बताया कि टेंडर प्रक्रिया के अंतर्गत दो फॉर्म बिके थे और दोनों की ओर से बोली लगाई गई। इनमें सर्वाधिक बोली एमआईक्यू कंपनी ने लगाई, जिसके आधार पर उसे ठेका सौंपा गया। उन्होंने बताया कि जीएसटी की राशि ठेके की रकम से अतिरिक्त देनी होगी।




## अप्रैल में जीएसटी संग्रह 236716 करोड़ रहा

**नयी दिल्ली 01 मई (वार्ता)** चालू वित्त वर्ष के पहले महीने अप्रैल 2025 में माल एवं सेवाकर (जीएसटी) राजस्व संग्रह 236716 करोड़ रुपये रहा है जो पिछले वित्त वर्ष के इसी महीने के 210267 करोड़ रुपये के संग्रह की तुलना में 12.6 प्रतिशत अधिक है। जीएसटीएन पोर्टल पर जारी आंकड़ों के अनुसार अप्रैल 2025 में सीजीएसटी संग्रह 48634 करोड़ रुपये रहा है। एसजीएसटी 59372 करोड़ रुपये और आईजीएसटी रिकार्ड 115259 करोड़ रुपये रहा है तथा क्षतिपूर्ति अधिभार संग्रह 13451 करोड़ रुपये रहा है। रिफंड के बाद अप्रैल 2025 में शुद्ध जीएसटी संग्रह 209376 करोड़ रुपये रहा है जो पिछले वित्त वर्ष में इसी महीने में संग्रहित 191833 करोड़ रुपये के संग्रह की तुलना में 9.2 प्रतिशत अधिक है। अप्रैल 2025 में 27341 करोड़ रुपये का रिफंड किया गया है।

## महिला ने लगाई, मौत

**मुजफ्फरनगर, 1 मई (बु.)** खालापार थाना क्षेत्र के मिनाक्षी चौक के पास सरकारी क्वार्टर में एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय उसके दो छोटे बच्चे घर में मौजूद थे। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। मिनाक्षी चौक के पास स्थित नगरपालिका के सरकारी क्वार्टर में दीपक अपनी पत्नी ज्योति उर्फ दीपा के साथ रहता है। दीपक की मां नगरपालिका में चपरासी के पद पर कार्यरत है। गुरुवार को घर पर ज्योति अपने दो बच्चों के साथ मौजूद थी। उसने रसोई में छत से कुंडे से फांसी लगा ली। काम से वापस लौटी सास ने देखकर पुलिस व अपने बेटे को जानकारी दी। खालापार पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। खालापार थाना प्रभारी महावीर सिंह चौहान ने बताया कि पति पत्नी में अनबन रहती थी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## संभल सीओ अनुज चौधरी को योगी सरकार ने दिया झटका

### विवादित बयानों के मामले में निरस्त हुई क्लीन चिट

**लखनऊ, 01 मई (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश सरकार ने आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर द्वारा सीओ संभल अनुज चौधरी



के विरुद्ध सेवा नियमावलियों के लगातार उल्लंघन के आरोपों में पूर्व में दिए क्लीन चिट को निरस्त करते हुए शिकायतकर्ता से साक्ष्य मांगे हैं। आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने संभल सर्किल ऑफिसर (सीओ) अनुज चौधरी द्वारा लगातार सेवा नियमावलियों तथा वर्दी नियमावलियों के उल्लंघन किए जाने, बिना अधिकारिकता के बयानबाजी करने, पुलिसिंग तथा अपने कार्यों को जानबूझकर सांप्रदायिक रंग देने, सेवा नियमावलियों से इतर कार्य कर माहौल को तनावग्रस्त करने तथा वर्ग विशेष में असुरक्षा की भावना उत्पन्न करने के आरोप लगाए थे। इस संबंध में एएसपी संभल श्रीश चंद्र ने जांच कर बताया था कि संभल में जुमा अलविदा, होली और ईद का त्योहार शांतिपूर्वक माहौल में संपन्न हुआ तथा अन्य आरोप के संबंध में कोई पुष्टिकारक साक्ष्य प्रकाश में नहीं आए, जिस आधार पर शिकायत निस्तारित कर दी गई। अमिताभ ठाकुर ने डीजीपी को पत्र लिखकर कहा था कि मुख्य सचिव द्वारा पारित विभिन्न शासनादेश के अनुसार जनसुनवाई शिकायत में शिकायतकर्ता के बयान आवश्यक हैं। इस मामले में जहां अनुज चौधरी और अन्य लोगों के बयान लिए गए, वहीं उन्हें अपनी बात और सबूत प्रस्तुत करने का अवसर नहीं मिला, जो आपत्तिजनक है। इस पर शासन द्वारा दिए आदेश के क्रम में एएसपी संभल श्रीश चंद्र ने अमिताभ ठाकुर को 3 दिनों में अपने आरोपों के संबंध में सुसंगत साक्ष्य और कथन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। गौरतलब है कि संभल सीओ अनुज चौधरी का नाम संभल जामा मस्जिद विवाद के बाद से चर्चाओं में आया था। हालांकि जुमा के दिन होली का पर्व होने के कारण उन्होंने एक बयान दिया था, जिस पर राजनीतिक दलों के साथ-साथ आम लोगों ने प्रतिक्रिया दी थी।



S.D. GLOBAL SCHOOL MUZAFFARNAGAR U.P. 2016 विद्ययामृतमश्नुते

# S.D. GLOBAL SCHOOL

(under the aegis of The S.D. College Association)

Website : sdglobalmzn@gmail.com : sdglobalmzn, sdglobalschool

2025-26 ADMISSIONS OPEN

PROGRESSIVE PEDAGOGY

SMART CLASSROOMS

2.6 ACRES LUSH GREEN CAMPUS

EXTENSIVE SPORTS FACILITIES

Play School to Class 12th

Affiliated to CBSE, New Delhi

Striving For Excellence

M.: 9897495700, 9219444547, 8937095030

9th Mile Stone, Jansath Road, Muzaffarnagar, (U.P.)-251001

